राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 18 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 70 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




### डीजीपी के निर्देश पर हुई औचक कार्रवाई, कई ट्रक और सैकड़ों टन अवैध कोयला जब्त

# रांची की स्पेशल टीम ने की धनबाद कोयले के अवैध कारोबार पर रेड

**संवाददाता। धनबाद**

झारखंड डीजीपी के निर्देश पर रांची से आई विशेष टीम ने धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में कोयले के अवैध कारोबार के खिलाफ छापेमारी की है. इसमे बरवाअड्डा, सोनारडीह, महुदा एवं भाटडीह में छापेमारी हुई. इस दौरान अवैध कोयला लदे चार ट्रक, जेसीबी एवं सैकड़ो टन अवैध कोयला जब्त किया गया है.

मालूम हो कि इन दिनों जिले में कोयले की तस्करी काफी बढ़ गई है. जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिदिन हजारों टन कोयले की तस्करी की जा रही है. इन कोयले को जीटी रोड स्थित कुछ हार्डकोक भट्ठों में खपाया जाता है. इसके साथ ही कई ट्रक कोयले बिहार एवं यूपी भेज दिए जा रहे हैं.





अवैध कोयला लदे कई ट्रक भी हुए जब्त. इसके अलावा कई जगह स्टॉक किया गया कोयला भी हुआ बरामद.

## सांसद के करीबी के हार्डकोक भट्ठे में छापेमारी

बरवाअड्डा के अजबडीह स्थित जगरनाथ हार्डकोक में हुई छापेमारी में 2500 टन ज्यादा स्टॉक मिला है. डीजीपी के निर्देश पर विशेष टीम ने इस भट्ठे में भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया है. पूरे स्टॉक की जांच का जिम्मा खनन विभाग को दिया गया है. खनन विभाग भट्ठे के स्टॉक की जांच कर अपना रिपोर्ट देगी. इसके बाद ही आगे की कार्रवाईन होगी. वहीं भट्ठे के अंदर से 7 ट्रक भी मिले हैं. जिनकी भी जांच की जा रही है. जानकारी के मुताबिक जगरनाथ हार्डकोक सांसद ढुलू महतो के करीबी चुनचुन गुप्ता का बताया जा रहा है. जगरनाथ हार्डकोक में छापेमारी टीम ने बरवाअड्डा थाना को सूचित कर उसे बुलाया गया। छापेमारी टीम ने बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि को कोयले की मात्रा कोयले की कागजात जांच करने को कहा. साथ ही कोयला लोड छह ट्रकों की जांच डीटीओ से करवाने की बात कहा गया. इस संबंध में बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने कहा कि खनन विभाग को कोयले की मात्रा एवं कागजात जांच करने के लिए कहा गया है एवं ट्रकों के जांच के लिए डीटीओ धनबाद को कहा गया है. बक़रीद त्योहार के कारण कार्यालय बंद रहने की वजह से मंगलवार को जांच कराई जाएगी. जांच में दोषी पाए जाने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी. फिलहाल ट्रक और कोयला पुलिस की निगरानी में हैं.

### महुदा में अवैध कोयला ले जा रहे तीन ट्रक सहित भारी मात्रा में कोयला जब्त

वहीं महुदा में धनबाद एसपी के निर्देश पर रविवार की देर रात भाटडीह ओपी पुलिस ने भाटडीह स्थित हिरक मार्ग में अवैध कोयला ले जाते हुए तीन ट्रकों को पकड़ा। इसके अलावे भाटडीह के जंगल में एक स्थान पर रखा लगभग 300 बोरा कोयला भी जब्त किया गया। तिनों ट्रकों को जब्त कर भाटडीह ओपी ले गयी। इस संबंध में ओपी प्रभारी बाल मुकुन्द सिंह ने कहा कि उच्च पदाधिकारी के निर्देश पर छापामारी अभियान चलाया गया। भाटडीह क्षेत्र से अवैध कोयला ले जाने की सुचना मिली थी। उसी के आलोक में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी में तीन ट्रक पकड़ा गया, जिसमें अवैध कोयला लोड था। पुलिस को देखते ही चालक सब फरार हो गया। तीनों ट्रकों में लगभग 45 टन भरा हुआ था तथा जमीन में लगभग 10 टन कोयला बोरा में भरा हुआ था। तीनों ट्रक के मालिक एवं चालकों पर मामला दर्ज किया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# झारखंड के आदिवासी समूहों का खर्च देश में सबसे कम

- ग्रामीण इलाकों की तुलना में शहरी पढ़ाई में करते हैं दोगुना खर्च
- अनाज में शहरवासियों से अधिक खर्च करते हैं ग्रामीण
- ग्रामीण इलाज में 12 .6 और शहरी करते हैं 10 .7 फीसदी खर्च
- अंडा-मीट मछली खाने में अधिक खर्च करते हैं ग्रामीण



**रवि भारती। रांची**

मूलभूत सुविधाओं के मामले में झारखंड के ग्रामीण इलाके आज भी बहुत पिछड़े हुए हैं. सरकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में नहीं पहुंच पाता है. सांख्यि की और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है कि झारखंड के लोग किन चीजों पर कितना खर्च करते हैं. रिपोर्ट में बताया गया है कि झारखंड के गांवों में इलाज पर पढ़ाई से ज्यादा खर्च किया जाता है. इस रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के ग्रामीण इलाकों में इलाज पर 12.6 व पढ़ाई पर 5.9 फीसदी खर्च किया जाता है. जबकि, शहर में पढ़ाई पर गांवों की तुलना में लगभग दो गुना यानी 10.8 फीसदी खर्च किया जाता है, जबकि इलाज पर 10.7 फीसदी खर्च किया जाता है. रिर्पोट के अनुसार प्रमुख राज्यों में सामाजिक समूह के ग्रामीण व शहरी इलाकों में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च के मामले में झारखंड के ग्रामीण इलाकों के आदिवासी व्यक्ति का खर्च देश में सबसे कम है. यहां गांवों के आदिवासी द्वारा प्रति व्यक्ति औसत 2,218 रुपए मासिक खर्च किया जाता है. इसके बाद छत्तीसगढ़ के ग्रामीण आदिवासियों का औसत प्रति व्यक्ति मासिक खर्च 2,258 व मध्य प्रदेश का 2,651 रुपए है.

रिपोर्ट के मुताबिक कि शहरी इलाकों में दूध व दूध से बने उत्पादों और फल पर गांवों की तुलना में अधिक खर्च किया जाता है. जबकि, ग्रामीण इलाकों में अंडा, मछली व मीट पर शहर की तुलना में अधिक खर्च किया जाता है. शहर में अनाज पर 14.2, दूध व दूध से बने उत्पादों पर 16.1, सब्जियों पर 11.3, फल पर 8.7, अंडा, मछली व मीट पर 9.7, पेय पदार्थ, जलपान और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर 21.2 फीसदी खर्च किया गया. वहीं, गांवों में अनाज पर 14.8, दूध व दूध से बने उत्पादों पर 11, सब्जियों पर 12.5, फल पर 6.1, अंडा, मछली व मीट पर 13.9, पेय पदार्थ, जलपान और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर 20.3 फीसदी खर्च किया गया.

### शहरों इलाकों में पढ़ाई पर दोगुना खर्च

शहरी इलाकों के लोग पढ़ाई में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में दोगुना खर्च करते हैं. शहरी इलाकों के लोग पढ़ाई में 10 .8 फीसदी खर्च करते हैं. जबकि ग्रामीण इलाके के लोग पढ़ाई में 5 .9 फीसदी ही खर्च करते हैं. वहीं झारखंड के गांवों में परिवहन पर 12 .9 फीसदी खर्च होता है. जबकि शहर में परिवहन पर 13 .8 फीसदी खर्च किया जाता है. शहरी क्षेत्रों में, केरल में सबसे अधिक 16 .6 प्रतिशत , तमिलनाडु में 16 .1 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 16 प्रतिशत, गुजरात में 15 .7 प्रतिशत तथा राजस्थान 15 .6 प्रतिशत वाहन पर खर्च किया.

### फैक्टशीट के तीन महीने बाद रिपोर्ट

सर्वेक्षण की विस्तृत रिपोर्ट फैक्टशीट जारी होने के तीन महीने बाद आई है. फरवरी में पहले जारी एचसीईएस सर्वेक्षण रिपोर्ट की फैक्टशीट से सामने आया था कि ग्रामीण इलाकों में औसत मासिक खर्च 2011-12 में 1,430 रुपए प्रति व्यक्ति से बढ़कर 2022-23 में 3,773 रुपए प्रति माह हो गया. यानी 164 फीसदी की वृद्धि हुई थी. शहरों में 146 फीसदी वृद्धि हुई थी, 2011-12 में 2,630 रुपए प्रति व्यक्ति की तुलना में 2022-23 में 6,459 रुपए खर्च किए गए.

### ग्रामीण इलाकों में किस चीज पर कितना फीसदी खर्च

| |
|---|
| अनाज : 14 .8 फीसदी |
| दूध व दूध से बने उत्पाद : 11 फीसदी |
| सब्जी : 12 .5 फीसदी |
| फल : 6 .1 फीसदी |
| अंडा, मछली व मीट : 13 .9 फीसदी |
| पेय पदार्थ, जलपान और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ : 20 .3 फीसदी |

शहरी इलाकों में किस चीज पर कितना फीसदी खर्च

| |
|---|
| अनाज : 14 .2 फीसदी |
| दूध व दूध से बने उत्पाद : 16 .1 फीसदी |
| सब्जी : 11 .3 फीसदी |
| फल : 8 .7 फीसदी |
| अंडा, मछली व मीट : 9 .7 फीसदी |
| पेय पदार्थ, जलपान और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ : 21.2 फीसदी |

### ग्रामीण इलाकों में इलाज पर अधिक खर्च

ग्रामीण इलाकों के लोग शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा इलाज में अधिक खर्च करते हैं. ग्रामीण क्षेत्र के लोग 12 .6 फीसदी खर्च इलाज में करते हैं. जबकि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोग इलाज में 10 .7 फीसदी खर्च करते हैं. ग्रामीण क्षेत्र के लोग अनाज पर 14 .8 फीसदी खर्च करते हैं. जबकि शहरी क्षेत्र के लोग अनाज पर 14 .2 फीसदी खर्च करते हैं.

### एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग का मामला, घायलों का अस्पताल में इलाज

# झरिया: ब्लास्टिंग का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर फायरिंग, पथराव में पांच लोग घायल

**संवाददाता। झरिया**

घनुडीह ओपी क्षेत्र के कुजामा स्थित एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी में सोमवार की दोपहर ताबतोड़ फायरिंग से अफरा-तफरी मच गई. बताया गया कि कंपनी में ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर उड़ बस्ती के घरों में जा गिरे. ग्रामीणों ने कंपनी पहुंचकर प्रबंधक को जानकारी दी और ब्लास्टिंग रोकने को कहा.

ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी के प्रबंधक एलबी सिंह व कुंभनाथ सिंह के दर्जनों गुर्गों ने भीड़ को देख छह राउंड फायरिंग कर दी, जिससे भगदड़ मच गई. उनलोगों ने ग्रामीणों पर लाठी-डंडे से वार कर पत्थरबाजी की. पथराव में चार-पांच ग्रामीण घायल हो गए. बस्ती के जागो भुइयां चोट लगने से बेहोश हो गया. उसे एसएनएमएमसीएच ले जाया गया. इधर, गुस्साए ग्रामीणों ने झरिया-बलियापुर मुख्य मार्ग जाम कर दिया. आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए. सूचना मिलते ही डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, डीएसपी सिंदरी, घनुडीह ओपी, झरिया थानो की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति नियंत्रित करने में जुट गई.



धरने पर बैठीं झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह

घटना की सूचना मिलते ही झरिया से कांग्रेस विधायक पूर्णिमा सिंह घटन स्थल पर पहुंचीं और ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गईं. पूर्णिमा सिंह ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की. कहा कि उसके बाद ही धरना समाप्त होगा.

### घायल बोला- प्रबंधक के बॉडीगार्ड व गुंडों ने चलाई गोली

घटना में गंभीर रूप से घायल जागो भुइयां ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कंपनी के प्रबंधक एलबी सिंह के बॉडीगार्ड व गुंडों ने फायरिंग शुरू कर दी. पांच से छह राउंड फायरिंग की गई. इसके बाद ग्रामीणों पर लाठी-डंडे हमला कर दिया गया. पथराव भी हुआ, जिसमें वह घायल होकर बेहोश हो गया. अन्य घायलों में पिंटू भुइयां, सोनी देवी और अन्य दो महिलाएं शामिल हैं.

### गरीबों पर हमला बर्दाश्त नहीं : ढुल्लू महतो

धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो भी मोहरीबांध में धरनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मिले. उन्होंने कहा कि दलित व गरीब ग्रामीणों पर हमला कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे. यहां किसकी गुंडागर्दी चल रही है, इसे सभी देख रहे हैं. यदि आरोपी जल्द गिरफ्तार नहीं किए गए, तो इसका मतलब होगा कि इन गुंडों को सत्ता पक्ष और प्रशासन का समर्थन प्राप्त है.

### लोकसभा से बेहतर प्रदर्शन विस चुनाव में करेंगे: सीएम

**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि लोकसभा से बेहतर प्रदर्शन विधानसभा चुनाव में करेंगे. गठबंधन पूरी ताकत के साथ एकजुट होकर विधानसभा चुनाव लड़ेगा. सीएम चंपाई सोरेन सोमवार को जमशेदपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा. झारखंड में फिर से हमारी सरकार बनेगी. राज्य सरकार अगले महीने से सभी योजनाओं पर काम शुरू करेगी. जिससे राज्यवासियों को योजनाओं का लाभ मिले. महिलाओं को अगले महीने से आर्थिक सहयोग भी किया जाएगा. 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी. इससे पहले सीएम ने रविवार को हो भाषा की 15 करोड़ की फ़िल्म बनने पर सब्सिडी देने का आश्वासन दिया था.

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे बोकारो

**संवाददाता। बोकारो**

आरएसएस के सरसंघ चालक मोहन भागवत सोमवार को बोकारो पहुंचे. वह शहर में तीन दिनों के प्रवास में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे. सोमवार की देर शाम सरस्वती विद्या मंदिर में उन्होंने स्वयंसेवकों के विकास वर्ग में कर्तव्य का पाठ पढ़ाया. मंगलवार को भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे.



ज्ञात हो कि सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 3 सी में उत्तर-पूर्व क्षेत्र के स्वयंसेवकों का 20 दिन का विकास वर्ग आयोजित किया गया है. झारखंड के स्वयंसेवकों के लिए संघ शिक्षा वर्ग 11 जून से शुरू हुआ है. दोनों प्रशिक्षण वर्गों का एक साथ समापन 26 जून की शाम होगा. 26 को होने वाले कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन सत्र में बतौर मुख्यवक्ता संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार होंगे. 27 जून की सुबह दीक्षा समारोह के बाद सभी स्वयंसेवक घर लौटेंगे.

**प्रशिक्षण वर्ग में 350 स्वयंसेवक ले रहे भाग :** संघ के प्रशिक्षण वर्ग में झारखंड के करीब 350 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं. वहीं, कार्यकर्ता विकास वर्ग-एक में झारखंड तथा उत्तर व दक्षिण बिहार से 150 स्वयंसेवक शिरकत कर रहे हैं. आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बोकारो प्रवास को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. बोकारो के एसपी पूज्य प्रकाश समेत आला अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया.

### सूरते हाल | झारखंड के आदिवासियों को अपनी ही जमीन पर नहीं मिल पा रहा है कब्जा

# आखिर न्याय के लिए जाएं तो जाएं कहां...गरीब आदिवासी

**बसंत मुंडा। रांची**

आदिवासियों को अपनी ही जमीन पर कब्जा (दखल-दिहानी) नहीं मिल पा रहा है, वह भी राजधानी रांची में. आदिवासी अपनी ही जमीन पर कब्जा दिलाने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन जमीन विवाद सुलझाने के लिए कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाया गया है. अधिकारी भी जमीन विवाद सुलझाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे.



गरीब किसान अपनी ही जमीन पर कब्जे के लिए कोर्ट-कचहरी, थाना से लेकर सीओ ऑफिस का चक्कर लगा रहे हैं. जमीन पर धारा 144, 107 तक लगा दी जा रही है. नतीजन मामला लंबा खिच जा रहा है. सीएम चंपाई सोरेन ने पिछले दिनों विधि व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया था कि अनुसूचित जनजाति के जमीन से जुड़े विवादों और लंबित मामलों के निष्पादन में न सिर्फ तेजी लाएं, बल्कि आदिवासियों को उनकी जमीन पर दखल दिलाने की कार्रवाई जल्द से जल्द की जाए. आदिवासियों को उनकी जमीन पर जल्द से जल्द कैसे कब्जा मिले, यह हर हाल में अधिकारी सुनिश्चित करें. लेकिन इसेके बावजूद आदिवासी अपनी जमीन पर लंबित वादों के निबटारे के लिए भटक रहे हैं.

**केस: 1**

पुरानी रांची में 18 साल से आदिवासी जमीन को लेकर विवाद बना हुआ है. मामला 2 एकड़ 89 डिसमिल जमीन का है, जिसे आदिवासी समाज सरना, दोन, डाली कतारी की जमीन बता रहा है. धुमकड़िया आदिवासी कल्याण समिति के अध्यक्ष अतुल कुमार केरकेट्टा ने बताया कि यह जमीन आदिवासियों की धार्मिक जमीन है और उनकी आस्था से जुड़ी हुई है.कई बार इस जमीन को लेकर विवाद भी हो चुका है.इस जमीन को बचाने के लिए वर्ष 2015 में मानव श्रृंखला बना कर अधिकारियों का ध्यान दिलाया गया था. जमीन विवाद खत्म करने के लिए थाना, उपायुक्त कार्यालय में भी आवेदन दिया जा चुका है. इसके बाद भी यह मामला अब तक नहीं सुलझ पाया है.

**केस: 2**

लोअर करमटोली में 2 एकड़ 22 डीसमिल का मामला लंबिता है. इस जमीन को लेकर पिछले 60 वर्षों से विवाद चल रहा है. हलधर चंदन पाहन ने बताया कि खतियान में बकास्त भूईहरी पहनई मुंडई जमीन लिखा हुआ है. इस जमीन को लेकर 17-18 बार मारपीट भी हो चुकी है. अधिकारियों ने इस जमीन को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाने की दिशा में कभी पहल नहीं की. मामले को लेकर सिविल कोर्ट में टाईटल सूट चल रहा है.

**केस: 3**

मौजा रातू प्रखंड के झखराटांड़ की जमीन पर भी विवाद है. खाता संख्या 426, प्लॉट 2647- 5 डी , 2648 में 1.08 डिसमिल जमीन है. इस पर 20 वर्षों से विवाद है. जमीन मालिक भदवा मुंडा ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विवाद सुलझाने की गुहार लगायी. रातू थाना, अंचल, डीसी ऑफिस तक का दरवाजा खटखटाया. जमीन का मालिकाना हक पाने की आस में मालिक भी गुजर गए. मृतक के भाई रंथु मुंडा ने बताया कि यह जमीन बिहार सरकार द्वारा 1976 में मिली थी, हर साल मालगुजारी भी देते हैं. जब भी खेत पर जोत-कोड़ करने के लिए जाते हैं, तो दूसरे पक्ष के लोग हरवे हथियार लेकर पहुंच जाते है.ये महिलाएं थाना के लिए काम करती है, पुलिस को बुला लेती हैं.

### महिला कार्ड चला तो दीपिका पांडेय, मुस्लिम कार्ड खेला तो इरफान को मिल सकता है मौका

# दीपिका व इरफान में से एक बन सकते हैं मंत्री!

**विशेष संवाददाता। रांची**

टेंडर घोटाले के आरोप में जेल में बंद तत्कालीन मंत्री व विधायक दल नेता के आलमगीर आलम के बाद कांग्रेस कोटे से चौथा मंत्री कौन होगा. इस पर सस्पेंस है. फिलहाल विधानसभा में उपनेता प्रदीप यादव को ही विधायक दल नेता पद का कामकाज देखने को कहा गया है. पर मंत्री कौन बनेगा, इस पर दिल्ली तक लॉबिंग तेज है. कांग्रेस चौथे मंत्री पद के लिए बहुत ही फूंक-फूंक कर कदम रख रही है.

कांग्रेस महिला और मुस्लिम दोनों पर विचार कर रही है. अगर महिला को ध्यान रखा गया तो दीपिका सिंह और मुस्लिम कार्ड खेला गया तो डॉ इफरान अंसारी में से एक का मंत्री बनना तय माना जा रहा है. कांग्रेस में आलमगीर के जेल जाने के बाद डॉ इरफान ही एक मात्र मुस्लिम चेहरा बचे हैं. इसलिए इनकी लॉटरी लग सकती है.



**कांग्रेस के पास 3 महिला विधायक :** कांग्रेस को 2019 के विस व उपचुनाव के बाद चार महिला विधायक मिली थीं. जिसमें एक रामगढ़ विधायक को सजा के बाद विधायकी चली गयी. सीट पुनः आजसू के पास है. इसके बाद भी कांग्रेस के पास तीन महिला विधायक दीपिका पांडेय, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की हैं. संख्या के आधार पर महिला कोटे से आधी आबादी की दावेदारी मजबूत है. इस आधार पर दीपिका सिंह पांडेय की लॉटरी निकल सकती है. वैसे भी गोड्डा से टिकट देकर फिर वापस करने पर वे नाराज चल रही हैं.

### विधायक दल का नेता का भी चयन होना है

न केवल मंत्री पद बल्कि कांग्रेस नेतृत्व को नेता विधायक दल का भी चयन करना है. यह काम भी नेतृत्व के लिए आसान नहीं है. इस नाम के चयन में वरीयता और अनुभव को ध्यान में रखा जाएगा. फिलहाल प्रदीप यादव को सदन में उपनेता होने के कारण उन्हें यह काम देखने को मौखिक आदेश दिया गया है. वैसे प्रदीप यादव पात्रता भी रखते हैं, क्योंकि यादव पार्टी और सरकार का पक्ष सदन से लेकर सड़क तक मजबूती से रखते हैं. मगर दल बदल मामले में उनका मामला अभी विधानसभा में लंबित है. इसलिए यह उनके खिलाफ जा सकता है. इसलिए डॉ. रामेश्वर उरांव के नाम पर नेतृत्व मुहर लगा सकती है.

## ब्रीफ खबरें

### फ्री बिजली देने में सरकार शीघ्र कार्रवाई करे : त्रिपाठी

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने चंपई सोरेन सरकार के 125 यूनिट बिजली फ्री देने के बाद अब 200 यूनिट बिजली फ्री देने की दिशा में कार्य करने को लेकर इंडिया गठबंधन की ओर से बधाई दी है. साथ ही यह मांग की है कि अगले माह में इसकी घोषणा सरकार स्तर से कर दिया जाता तो लोगों को जल्द से जल्द सुविधा मिलना शुरू हो जाता. पलामू में ब्याप्त पेयजल संकट समस्या समाधान के स्थाई निदान के लिए भी सरकार से पहल की मांग की. डाल्टनगंज विस में बहुत सारे कार्य करने हैं इसे लेकर लगातार सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने का काम करता रहूंगा.

### ओलंपिक दिवस पर होगी दौड़ प्रतियोगिता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर 23 जून को दौड़ प्रतियोगिता आयोजित होगी. प्रतियोगिता में 16 वर्ष से अधिक उम्र वाले खिलाड़ियों के लिए 3 हजार मीटर दौड़ व 16 वर्ष आयु वर्ग से कम वाले खिलाड़ियों के लिए 600 मीटर दौड़ आयोजित होगा. इस संबंध में पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे से जीएलए कॉलेज ऐथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित होगा.

### शिवराज सिंह को प्रभारी बनाने पर जताया हर्ष

**बरवाडीह ।** भाजपा राष्ट्रीय



नेतृत्व के द्वारा आगामी विस चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा शर्मा को सह प्रभारी बनाये जाने पर भाजपा मंडल कमेटी ने हर्ष व्यक्त किया है. राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए भाजपा नेत्री सह जिप सदस्य संतोषी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री को चुनाव प्रभारी और असम के सीएम हेमंत विश्वकर्मा को सह प्रभारी बनाये जाने से झारखंड में बीजेपी को और ऊर्जा मिलेगी.

### शिविर में एक दर्जन लोगों ने किया रक्तदान

**मेदिनीनगर।** जायंट्स क्लब महिला विंग के तत्वाधान में रविवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक व प्रथम अध्यक्ष पदम श्री नाना चूड़ासमा के जन्मदिन पर आयोजित शिविर में डाल्टनगंज सहेली उड़ान की सदस्याओ ने रक्तदान कर सामाजिक उत्तरदायित्व को पूर्ण किया. मौके पर जायंट्स सहेली की अध्यक्ष देवेंद्र नामधारी, आईपीपी रेनू शर्मा, सचिव प्रियंका आनंद, तृप्ता आनंद, अंजू अग्रवाल आदि मौजूद थी.

### वनों पर निर्भरता के कारण बढ़ रहा है मरुस्थलीकरण

**मेदिनीनगर।** विश्व मरुस्थली करण व सूखा निवारण दिवस पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया. मोर्चा अध्यक्ष श्री राम ने कहा कि वनों पर मानव की बढ़ती निर्भरता तथा उनकी गुणवत्ता में धीरे धीरे ह्रास के कारण आज सम्पूर्ण विश्व में बढ़ते मरुस्थली की समस्या का सामना कर रहा है. इस कारण हवा एवम जल का प्रदूषण हो रहा है. मरुस्थलीकरण बढ़ने से जहा एक तरफ पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है .

---

**इप्टा की संस्कृतिक पाठशाला की 44वीं कड़ी में जल संकट पर चर्चा, केडी ओझा ने कहा**

# जल संकट का स्थायी समाधान है सामूहिक चेतना

**खास बातें**

- अपने घर से शुरू करनी होगी रेन हार्वेस्टिंग
- जंगल की कटाई पर रोक लगाना हर हाल में जरूरी है

संवाददाता । मेदिनीनगर



संस्कृतिक पाठशाला में अपनी बात रखते वक्ता.

पलामू 40 वर्षों से जल संकट की मार झेल रहा है. मंडल डैम बनाने की योजना 40 वर्षों से खटाई में पड़ी हुई है. सरकारी तंत्र में ऐसा षडयंत्र रचा कि वह डैम आज भी अधूरा है. पलामू में जल संकट का दोषी दोषी नहीं है. जो लोग पेड़ लगाकर पर्यावरण विद बनते हैं उनसे पूछा जाना चाहिए पेड़ कहां लगाते हो? उक्त बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 44वीं कड़ी में आयोजित जल संकट : चिंता और वरिष्ठ साहित्यकर्मी केडी ओझा ने कही. परिचर्चा इप्टा पलामू के अध्यक्ष वरिष्ठ कलाकार प्रेम भसीन एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में प्रारंभ हुई. एनटीपीसी के इंजीनियर फराज अहमद ने कहा कि जल संकट को दूर करने के लिए हमें अपने घर से ही रेन हरवेस्टिंग की शुरुआत करनी होगी.

प्रगतिशील लेखक संघ पलामू के सचिव नुदरत नवाज ने वाटर हार्वेस्टिंग को जरूरी बताते हुए कहा जब लाखों पेड़ कट रहे हो वैसे में सामूहिक स्तर पर वन विभाग से मिलकर पेड़ लगाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है. पीयूसीएल के सचिव निषाद खान ने कहा कि जल संकट का मुख्य कारण है सामूहिक चेतना का अभाव, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और जंगल की कटाई. कुलदीप राम ने कहा कि जंगल की सुरक्षा के लिए चिपको आंदोलन चलाया गया था. परिचर्चा के दौरान शशि पांडे, अजीत कुमार, घनश्याम कुमार एवं संजीव कुमार संजू ने अपने विचार प्रस्तुत किया. परिचर्चा का विषय प्रवेश प्रेम प्रकाश ने कराया.

अध्यक्षता कर रहे सुरेश सिंह ने कहा कि विकास के नाम पर विनाश की नीतियां बनाई जा रही है. पानी के अभाव में जो नहर बना है वह आज डहर बन गया है.परिचर्चा के अंत में प्रेम भसीन ने जल संकट के स्थाई समाधान के लिए उपायुक्त एवं नगर आयुक्त को सुझाव के साथ मेमोरेंडम देने का प्रस्ताव रखा. जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सहमति प्रदान किया.

---

**बकरीद को लेकर सुबह से ही शहरी व ग्रामीणों क्षेत्रों में दिखी खुशी**

# पारंपरिक रूप से मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार

सवाददाता । लातेहार



लातेहार में नमाज अदा करते मुस्लिम धर्मावलंवी.

लातेहार जिला मुख्यालय समेंत आसपास के क्षेत्रों में ईद -उल-अजहा (बकरीद) का पर्व पारंपरिक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. बकरीद को लेकर सुबह से ही शहरी एवं ग्रामीणों क्षेत्रों में चहलकदमी देखी जा रही थी. विभिन्न मस्जिद व ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्म के लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी.

शहर के अंबाकोठी स्थित जामा मस्जिद में पूर्वाह्न सात बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा की गयी. इसके अलावा अमवाटीकर, करकट, डुरुआ, नावागढ़, धनकारा, सरयु, पोचरा, इचाक आदि ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल अजहा की नमाज अदा दी गयी. जामा मस्जिद के मौलाना हाफिज सोयब ने बताया कि आज के ही दिन हजरत इब्राहिम स्वपन में खुदा के दिये गये आदेश पर अपने प्रिय पुत्र के बलिदान हेतू सहर्ष तैयार हो गये थे. अल्लाह की राह में दी गयी कुर्बानी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है. यह पर्व मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए सर्वोत्तम त्याग एवं बलिदान की प्रेरणा देता है. ईद उल जोहा के अवसर पर बकरे की कुर्बानी दी गयी और छक कर सेवाइंया उड़ायी गयी. बच्चों में खासा उत्साह देखा गया.

**बालूमाथ (लातेहार)।** स्थानीय ईदगाह में सुबह सात बजे ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अदा की गयी. उक्त जानकारी बालूमाथ जामा मस्जिद के खातीब मौलाना मजहर ने दी. नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद उल अजहा की मुबारकबाद थी. मौलाना मजहर ने कहा कि ईद की नमाज ईदगाह में अदा करना हजरत मोहम्मद साहब की सुन्नत है. ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्याग और कुर्बानी का त्यौहार है. जिसमें अल्लाह को राजी करने के लिए कुर्बानी देनी है. इससे पहले नौजवान कमेटी के द्वारा ईदगाह की सफाई की गई. पानी एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गयी. बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में पूरी तरह मुस्तैद थी.

**गढ़वा।** शहर में ईद-उल-अजहा का त्योहार अकीदत व मसर्रत के साथ मनाया गया. इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय इदगाहों, मस्जिदों व मदरसों में दो रिकअत वाजिब नमाज-ए-ईद-उल-अजहा अदा की. घर पहुंच कर अकीदतमंदों ने खुदा की राह बकरा की कुर्बानी पेश की. शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नमाज अदायगी स्थलों पर इंताजामिया कमेटियो के द्वारा नमाजियों की सुविधा के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित अन्य इंतजाम किया गया था. वहीं पर्व के अवसर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन के द्वारा इबादतगाहों के पास दंडाधिकारी व पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे. नमाज अदायगी के पूर्व जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज अब्दुस्समद ने कहा कि इस्लाम मजहब में ईद-उल-अजहा का संबंध कुर्बानी से है. इसे ईद पर कुर्बानी दी जाती है. इस कुर्बानी के जरिए से बंदा अल्लाह की रजा हासिल करता है. बेशक अल्लाह को कुर्बानी का गोश्त नहीं पहुंचता है. बल्कि वह तो केवल कुर्बानी के पीछे बंदों की नीयत को देखता है. उन्होंने कहा कि अल्लाह को पसंद है कि बंदा उसकी राह में अपना हलाल तरीके से कमाया हुआ धन खर्च करे. कुर्बानी का सिलसिला ईद के दिन को मिलाकर तीन दिनों तक चलता है. उन्होंने कहा कि इब्राहीम अलैह सलाम एक पैगंबर गुजरे हैं. जिन्हें ख्वाब में अल्लाह का हुक्म हुआ कि वे अपने प्यारे बेटे इस्माईल को अल्लाह की राह में कुर्बान कर दें. यह इब्राहीम अलैह सलाम के लिए एक इम्तिहान था. जिसमें एक तरफ थी अपने बेटे से मुहब्बत व एक तरफ था अल्लाह का हुक्म. इब्राहीम अलैह सलाम ने सिर्फ व सिर्फ अल्लाह के हुक्म को पूरा किया. अल्लाह को राजी करने की नीयत से अपने लख्ते जिगर इस्माईल अलैह सलाम की कुर्बानी देने को तैयार हो गए. जैसे ही इब्राहीम अलैह सलाम छुरी लेकर अपने बेटे को कुर्बान करने लगे, वैसे ही फरिश्तों के सरदार जिब्रील अमीन ने तेजी से इस्माईल अलैह सलाम को छुरी के नीचे से हटाकर उनकी जगह एक मेमने को रख दिया. इस तरह इब्राहीम अलैह सलाम के हाथों मेमने के जिब्हा होने के साथ पहली कुर्बानी हुई.

### बाइक-जेसीबी में टक्कर एक की मौत, दो घायल

**मझिआंव।** थाना अंतर्गत खरसोता उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य पथ के पुलिया के समीप रविवार की देर रात जेसीबी मशीन एवं पल्सर मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर हो गई. प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि जेसीबी एवं मोटरसाइकिल दुर्घटना में मोरबे पंचायत के करकटा गांव रामजीत राम के पुत्र नन्दन कुमार उम्र 24 वर्ष, सुकुल राम के पुत्र रवि कुमार उम्र 25 वर्ष, बंशी राम के पुत्र गोपाल कुमार उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी घायलों को निजी वाहन से मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया गया. जहां पर उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. घायल नंदन कुमार को गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

### बाइक दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**पाटन(पलामू)।** बकरीद के मौके पर पाटन थाना अंतर्गत सिक्की कला गांव से अपने रिश्तेदार के घर शाहपुर जा रहे दो युवक रविवार की दोपहर दुर्घटनाग्रस्त हो गये. इस घटना में बाइक चालक 26 वर्षीय हकीम अंसारी पिता अनीश अंसारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मुखिया पति अजमल अंसारी ने तुरंत चैनपुर थाना को फोन किया जिसके बाद चैनपुर थाना पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों को सदर अस्पताल भेजा. जहां डाक्टरों ने एक युवक को मृत. वहीं दूसरा औरंगजेब खान पिता इस्लाम खान भी गंभीर रुप से घायल और बेहोश है.

---

**श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में की गयी पूजा- अर्चना**

# जिला की महिलाओं ने किया निर्जला एकादशी का व्रत



पूजा संपन्न कराते पुजारी रामेश्वर पांडेय.

संवाददाता । लातेहार

जिला मुख्यालय समेत अन्य प्रखंडों में सोमवार को निर्जला एकादशी का पर्व मनाया गया. शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना किया और भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का कथा श्रवण किया. मौके पर पुजारी रामेश्वर पांडेय ने पूजा संपन्न कराया. मनोकामना सिद्धि हनुमान मंदिर परिसर में पुजारी त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में पूजा संपन्न हुआ. श्री पांडेय ने कहा कि एकादशी का व्रत किया जाता है. धार्मिक मान्यता है कि निर्जला एकादशी के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से जातक को मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है. जीवन में खुशियों के आगमन होता है. निर्जला एकादशी में अन्न के अलावा पानी ग्रहण करना वर्जित है. इस एकादशी व्रत में सूर्योदय से लेकर अगले दिन यानी द्वादशी के दिन सूर्योदय तक अन्न और पानी नहीं पिया जाता है. हालांकि बीमार होने की स्थिति पर पानी ग्रहण कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि मान्यतानुसार, निर्जला एकादशी के दिन व्रत रखने से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं. शहर के अन्य कई मंदिर और देवालयों में महिलाओं ने निर्जला एकादशी पर पूजा अर्चना की.

---

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जिले के गारू प्रखंड के कुई ग्राम पहुंचे**

# इंडी गठबंधन ने दुष्प्रचार कर चुनाव जीतना चाहा : बाबूलाल

संवाददाता । लातेहार



बाबूलाल मरांडी का स्वागत करते भाजपाई.

सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जिले के गारू प्रखंड के कुई ग्राम पहुंचे. बता दें की गत लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुई मतदान केंद्र में सर्वाधिक 82 फीसदी वोट मिले थे. कुई ग्राम मनिका विधानसभा क्षेत्र में आता है. उन्होंने मतदाताओं का आभार प्रकट किया. ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान इंडी गठबंधन ने भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार करने का प्रयास किया. विपक्षी दलों ने दुष्प्रचार किया कि भाजपा की सरकार बनने से संविधान बदल दिया जायेगा. दलित और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर दिया जायेगा. लेकिन चतरा लोकसभा के मतदाता इंडी की बातों में नहीं आए और यहां से भाजपा की जीत हुई. उन्होंने कहा कि इस चुनाव में राज्य सरकार के 11 मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार गये और अपने प्रत्याशी को नही जीता पाये. आगे कहा कि सीएम चंपई सोरेन की सरकार के मंत्री झारखंड का नहीं बल्कि अपना विकास करने मे लगे है. मंत्री के चपरासी के घर से नोटो के पहाड़ मिल रहे है. ये मंत्री भ्रष्टाचार मे लिप्त होकर झारखंड के लोगों का विकास रोक रहे है. इसके पहले भाजपा एसटी मोरचा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, प्रखंड अध्यक्ष मुखिया सुनेश्वर सिंह और बुथ अध्यक्ष रमेश सिंह ने बाबूलाल मरांडी को अंग वस्त्र और बुके भेंट कर समानित किया. इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंहा, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जिप अध्यक्ष पूर्णिमा सिंह, दिशा के सदस्य रामदेव सिंह, एसटी मोरचा के जिला अध्यक्ष मंगल उरांव, रामकुमार उरांव, रामलाल प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, मुखिया सुनेश्वर सिंह, शिवशंकर सिंह, अनुप कुमार, आलोक कुमार सिंह, प्रमुख सीता देवी और संजय सिंह आदि उपस्थित थे.

---

## न्यूज अपडेट

### कठौतिया कोल माइंस को चालू कराने की मांग



केंद्रीय राज्य मंत्री से मिलते राकेश सिंह.

**मेदिनीनगर।** मजदूर नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से भेंट की. उन्होंने ने तीसरी बार मोदी सरकार के केबिनेट में शामिल किये जाने एवं कोयला राज्य मंत्रालय भारत सरकार की बागडोर सौंपे जाने पर नई दिल्ली आवास पर भेंट कर बधाई दिया. तत्पश्चात पलामू जिला अंतर्गत कठौतिया कोल माइंस हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो विगत नवंबर 2023 से बंद पड़ा है.उसे पुनः शुरु कराने की मांग की. जिससे प्रभावित क्षेत्र के मजदूर किसान नौजवान व ठेका श्रमिक बेरोजगारों को फिर से काम मिल सके.


### नाले का पानी पीने को मजबूर हैं मेदिनीनगरवासी



हस्ताक्षर अभियान में शामिल लोग.

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के लगभग घरों के पेयजल श्रोत सूख चुके है. पीने के पानी को लेकर नगरवासियों को घंटों संघर्ष करना पड़ रहा है. समाजसेवी आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में निकली पानी यात्रा की टीम को रविवार को नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 2 के अघोर आश्रम रोड में लग़भग 15 से 20 घर में लोग नाले के पानी छानकर पीने को मजबूर दिखे. मेदिनीनगर में पेयजल संकट के निराकरण को लेकर चलाये जा रहे जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान में श्री भारद्वाज ने कहा कि लोगो को नाले का पानी पी रहे है और उसी से अपने दिनचर्या का काम भी कर रहे है.


### 22 को बलिदान दिवस के रूप में मनेगा स्थापना दिवस



बैठक में शामिल आजसू के नेता.

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी ने आगामी विस चुनाव को लेकर तैयारी अभी से ही शुरू कर दी है. पलामू जिले के सभी विस क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी को लेकर रविवार को पार्टी जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी ने बैठक की. उन्होंने बताया कि आजसू पार्टी 22 जून को स्थापना दिवस सभी विधानसभा क्षेत्र में बलिदान दिवस के रूप में मनाएगा. मौके पर पार्टी कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र में 100-100 पौधे लगाएंगे और उसकी सुरक्षा की भी गारंटी कार्यकर्ता पर होगी.


### रंगकर्मी सैकत को डेहरी में मिला सोन गौरव सम्मान



सोन गौरव सम्मान प्राप्त करते रंगकर्मी सैकत.

**मेदिनीनगर।** पलामू के वरीय रंगकर्मी सैकत चटर्जी को बिहार के डेहरी ऑन सोन में सोन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है. उन्हें यह सम्मान रंगकर्म के क्षेत्र में 35 वर्षो से सक्रिय रहने के कारण दिया गया है. डेहरी के झुनझुनवाला वाटिका में रविवार की रात अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित समारोह में सैकत को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर आरा के मनोज कुमार सिंह द्वारा निर्देशित बहु चर्चित नाटक गंगा स्नान की प्रस्तुति की गई. रांची के फीनिक्स संस्था ने अभिराज द्वारा निर्देशित नाटक राजरक्त का मंचन किया.

### ऑर्ट ऑफ गिविंग ने मरीजों के बीच फल वितरण



पफलों का वितरण करते शाखा के सचिव.

**लातेहार।** आर्ट ऑफ़ गिविंग की लातेहार शाखा के सदस्यों द्वारा सोमवार को सदर अस्पताल, लातेहार में भर्ती मरीजों के बीच फलों का वितरण किया गया. शाखा के सचिव प्रवीण मिश्रा ने बताया कि आर्ट ऑफ गिविंग की केंद्रीय शाखा के निर्देश पर इस वर्ष देश और विदेशों में 17 जून को आर्ट ऑफ गिविंग दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया था. इसी के अवसर फलों का वितरण किया गया.

### जेएमएम जिला अध्यक्ष से मिले सहायक अध्यापक



जिलाध्यक्ष से मिलते सहायक अध्यापक.

**लातेहार।** जिले के चंदवा प्रखंड के बन ग्राम निवासी शिक्षक जगत मणि वैद्य के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सहायक अध्यापक का प्रतिनिधिमंडल भाग लिया. अध्यापकों ने पुष्पांजलि करके दिवंगत शिक्षक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया. इसी कार्यक्रम के दौरान लातेहार जिले के झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव से अध्यापकों का प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष अतुल कुमार के नेतृत्व में मिला. सहायक अध्यापकों से संज्ञान लेते हुए पारा शिक्षको के वर्षो से लंबित वेतनमान की मांग को पूरा कराने दी दिशा में पहल करने का आग्रह किया. श्री शाहदेब ने उनकी मांगों को पूरा कराने की द्वशा में पहल करेंगे और इसे उचित माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचने का काम करेंगे.

### दीपक स्टील एंड फर्नीचर के नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ



नये लूक में दीपक स्टील एंड फर्नीचर.

**लातेहार।** शहर के बाइपास चौक के मानस पथ में दीपक स्टील एंड फर्नीचर के नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ सोमवार को पूजा अर्चना के साथ किया गया. मौके पर प्रतिष्ठान के संचालक दीपक विश्वकर्मा ने सप्तनीक पूजा अर्चना किया. श्री विश्वकर्मा ने बताया कि उनके इस प्रतिष्ठान को एक नया लूक दे कर शुभारंभ किया गया है. प्रतिष्ठान में सोफा, डाइनिंग टेबुल, कुर्सी व अन्य सभी प्रकार लकड़ी व स्टील के फर्नीचर उपलब्ध हैं. इसके अलावा पर्दा, कुशन व अन्य मैटेरियल भी उपलब्ध है. मौके पर कई लोग मौजूद थे.

### विद्यालय खुलने की समय सीमा बढ़ाने की मांग

**मेदिनीनगर।** संघर्ष मोर्चा के सदस्य बिनोद तिवारी ने पलामू में चल रहे हीट वेव को देखते हुए 18 जुन से खुलनेवाले विद्यालय के समय को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री चंपाई सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, शिक्षा सचिव व परियोजना निदेशक को पत्र लिखा है. पत्र में श्री तिवारी ने कहा है कि अभी संपूर्ण झारखंड हीट वेव की चपेट में है. हर दिन लू से मरने की खबर आ रही है. उन्होंने इस चिलचिलाती धूप में बच्चों के जान का खतरा देखते हुए गर्मी छुट्टी को मानसून आते तक आगे बढ़ाने की मांग की है.

---

**परेशानी** — **सबसे अधिक परेशानी बाजार स्कूल से लेकर अमवाटीकर मोड़ तक**

# लातेहार मेन रोड पर चलना मुश्किल सा हो गया है

**खास बातें**

- बाजार स्कूल से अमवाटीकर मोड़ तक सड़क पर अतिक्रमण
- दुकानों के सामान को सड़क पर लगाने से लग रहा जाम

सुनील कुमार। लातेहार



दुकान का सामान रोड पर.

जिला मुख्यालय के मेन रोड पर पैदल चलना भी शाम के वक्त मुश्किल सा हो गया है. सबसे अधिक परेशानी बाजार स्कूल से लेकर अमवाटीकर मोड़ तक है. जहां सड़क के दोनों किनारे दुकानों की सभी सामान सड़क पर निकाल कर लगाए जा रहे हैं. दुकान में खरीदारी करने आए खरीदारों की वाहन सड़क पर खड़ी हो रही है, जिससे रोज जाम की स्थिति बनी हुई है. वाहनों से तो छोड़ पैदल चलना भी मुश्किल सा हो गया है. बताया जाता है कि सड़क पर दुकान लगाने के एवज में स्थानीय पुलिस कर्मियों के द्वारा हजार रुपया प्रति दुकान प्रतिमाह नाजायज वसूला जा रहा है. एक तो शहर का मुख्य मार्ग काफी संकीर्ण है.एक साथ दो वाहनों के गुजरने के बाद जाम की स्थिति हो जाती है. जिसके लिए धर्मपुर मोड़ से थाना चौक तक बड़ी वाहनों को बाईपास से प्रवेश कराया जाता है. पिछले कुछ दिनों से ट्रैफिक की व्यवस्था इतनी लचर हो गई है की ट्रैफिक वाले फोन में व्यस्त रह रहे हैं और भारी वाहनों का प्रवेश शहर में हो जा रहा है. जिसकी वजह से घंटो जाम की स्थिति बनी रह रही है.शहर की आबादी कुछ वर्षों में लगभग दुगुनी हो गई है और वैकल्पिक कोई मार्ग नहीं होने से वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया है. एनएचआई द्वारा बाईपास निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना तो जारी की गई है लेकिन अधिग्रहण का कार्य काफी धीमी गति से चल रही है. अधिकारियों का बहाना संसदीय चुनाव था और चुनाव बीत जाने के बाद भी इस पर कोई पहल नहीं हो पा रही है. शहर में जाम की स्थिति यही रही तो शहर की दुकानदारी संकट में चली जाएगी. नगर पंचायत अतिक्रमण हटाने की दिशा में मुखर तो होता है लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण अतिक्रमण हटाओ अभियान रोकना पड़ता है. व्यवहार न्यायालय के आसपास भी सड़क पर गुमटियों की भरमार हो गई है.

---

# सामाजिक समानता और भाईचारे का संदेश देता है बकरीद : मंत्री मिथिलेश

संवाददाता ।गढ़वा



गले मिलकर मुबारकबाद देते मंत्री.

ईद-उल-अजहा बकरीद का त्योहार सोमवार को जिले भर में काफी धूमधाम से पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई. गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा के उंचरी स्थित ईदगाह, मस्जिद, मदरसा आदि स्थानों पर पहुंचकर इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी.

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि बकरीद का त्यौहार समानता और भाईचारे का संदेश देता है. यह इस्लाम धर्म का एक प्रमुख त्योहार है. यह त्योहार हज़रत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) की अल्लाह के प्रति निष्ठा और उनके बलिदान की याद में मनाया जाता है. यह पर्व त्याग और बलिदान का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि बकरीद का महत्व केवल बलिदान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि हमें अपनी प्रिय वस्तुओं को अल्लाह के रास्ते में त्यागने के लिए तैयार रहना चाहिए. यह त्योहार हमें परस्पर प्रेम, सद्भावना और सहायता का पाठ पढ़ाता है. यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि बलिदान और सेवा में ही सच्ची खुशी और संतोष निहित है. बकरीद का त्योहार न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक और मानवीय मूल्यों को भी प्रकट करता है. यह हमें त्याग, निष्ठा और सामाजिक सेवा के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है. बकरीद का त्योहार वास्तव में एक ऐसा पर्व है जो हमें आपस में जोड़ता है और प्रेम, भाईचारे और इंसानियत के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है.

## ब्रीफ खबरें

### गंगा दशहरा पर भव्य गंगा आरती का आयोजन

**मझिआंव।** प्रखंड के चन्द्री स्थित गायत्री शक्तिपीठ द्वारा रविवार की शाम गायत्री जयंती व गंगा दशहरा के अवसर पर कोयल नदी के तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक नागेंद सिंह के निर्देशन में पहले माता गंगा का पूजा अर्चना किया गया. इसके बाद श्रद्धालु महिला पुरुषों द्वारा सामूहिक रूप से माता गंगा की आरती उतारी गई. इस दौरान मुख्य यजमान के रूप में देवमुनि विश्वकर्मा एवं उनकी पत्नी फुलझरी देवी द्वारा पूजा की गई, जबकि नगेन्द्र सिंह द्वारा कर्मकांड सम्पन्न कराया गया. इसके पहले सुबह में गायत्री शक्तिपीठ में पूजा अर्चना करने के बाद हवन यज्ञ किया गया. मौके पर अशोक चौरसिया, बंशी प्रसाद, बेचन राम, अशोक कमलापुरी, बबलू सुनीता चौरसिया, रिंकी देवी, शोभा जायसवाल, सरस्वती देवी सहित कई गायत्री परिजन उपस्थित थे.

### मुआवजा राशि का वितरण शिविर कल

**जलडेगा।** गांगुटोली-जामडीह सड़क निर्माण कार्य के तहत भूमि अधिग्रहित रैयतों के बीच मुआवजा राशि का वितरण करने हेतु 18 जून को प्रखंड कार्यालय में शिविर लगाया जाएगा. सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि अंचल में पड़ने वाले 5 मौजा के रैयत जमीन संबंधी दस्तावेज लेकर शिविर में भाग ले सकते हैं. उन्होंने ने शिविर में इन्डेम्निटी बॉन्ड, शपथ पत्र, अनापति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित रहने की अपील की है.

### गांधी मैदान में योग शिविर का आयोजन कल

**सिमडेगा।** पंतजलि महिला योग समिति के तत्वावधान में 19 जून को गांधी मैदान में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा. समिति की पूजा नायक ने बताया कि प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के द्वारा योग के विभिन्न आयामों की जानकारी दी जाएगी.उन्होंने ने बताया कि विश्व योग दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित की जा रही है. योग शिविर सुबह छह बजे से लेकर 6:45 तकहोगा. कार्यक्रम में जिले के सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है.

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति की बैठक आज

**सिमडेगा।** नप प्रशासक सुमित कुमार महतो की अध्यक्षता में 18 जून को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित बैठक होगी. दोपहर बाद 3:30 बजे से आयोजित होने वाली बैठक में चैम्बर्स ऑफ कामर्स, बस एसोसिएशन, मार्केट कम्पलेक्स समिति, टाउन वेंडिंवें डिंग जोन समिति को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है. बैठक नप कार्यालय में डीडीसी संदीप कुमार दोराईबुरु की अध्यक्षता में आयोजित की गई है. बैठक में समिति के सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है.

### गुमला में नदी में डूबने से एक युवक की मौत

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव निवासी बलकू उरांव 32 वर्ष की नदी में डूबने से मौत हो गई. जानकारी के अनुसार बलकू उरांव स्नान करने के लिए नदी गया था. जहां वह मुंह के बल गिर गया. नदी में गिरने की सूचना गांव के ही एक बच्ची ने परिजनों को दिया. परिजनों ने पानी से निकाल कर बलकू को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल लाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया.

### भंडरा पहुंचा जंगली हाथियों का झुंड, फसलों को रौंदा, बढ़ाई ग्रामीणों की धड़कन

# हाथियों का डर : रातभर पहरेदारी कर रहे ग्रामीण

**संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा**

हाथियों का आतंक जारी है. आए दिन हाथियों के झुंड के द्वारा लोगों की जान माल की क्षति की खबरें आती रहती है. फसल नष्ट कर देना घर तोड़ बेघर कर देना अक्सर ऐसा गजराज करते आए है. प्रशासन अब तक इसके समाधान का स्थाई हल नहीं निकाल पाई है. इससे लोग हमेशा दहशत में जीवन जीने को मजबूर रहते है. अभी हाल ही में भंडरा थाना क्षेत्र की मकूंदा गांव की है सोमवार की देर रात यहां हाथियों के एक झुंड ने जमकर उत्पात मचाया. इससे गांव के लोग अपने-अपने घरों को बाहर निकलने लगे जान बचाने की कोशिश में चारो


हाथियों के डर से गांव के बाहर खड़े ग्रामीण.

तरफ अफरा-तफरी मच गई. पूरे क्षेत्र ग्रामीण दहशत में जी रहे है.

लगभग 22 की संख्या में हाथी का झुंड यहां आ धमका है. कुछ देर के लिए पूरा गांव अस्त व्यस्त हो गया. भयभीत ग्रामीण इसकी सूचना प्रखंड प्रशासन को दिया. उन्होंने वन विभाग को इसकी जानकारी दी. मौके प्रशासन पर वन विभाग की टीम मकुंदा गांव पहुंच गया.

टीम को देख ग्रामीणों ने राहत की सांस ली. हालांकि हाथियों की झुंड को गांव से दूर भगाने को लेकर वन विभाग के टीम मशालची जलाया. हाथियों का झुंड नंदनी डैम के समीप दिखा. झुंड आम के बागान में ही रुके होने की खबर मिल रही. हालांकि हाथियों के झुंड में हाथी के बच्चे भी होने की बात लोगों ने बताया.

#### हाथियों का झुंड पहुंचा कैरो, रातभर ग्रामीण जागते रहे

**कैरो/लोहरदगा।** हाथियों का एक झुंड कुडू के सुकुरहुटू जंगल मे देखा गया. जिसमें 22 की संख्या में हाथी होने की सूचना है. जिसमें से तीन हाथी अपने झुंड से बिछड़ कर कैरो क्षेत्र में प्रवेश करते हुए ग्रामीणों द्वारा देखा गया. जिसकी सूचना प्रखंड प्रशासन को दिया गया. हाथी भगाओ दाल ने कैरो क्षेत्र से लगभग 12:30 बजे तक काफी मेहनत के बात जामुंटोली, कैरो, उतका, बंडा का रास्ते से भगाया गया. जिसके कारण उक्त गांव के ग्रामीणों की धड़कने तेज हो गई थी. वहीं किसानों की फसल मिर्चा, गोभी, मकई आदि को बर्बाद भी है. जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा.



### लोहरदगा में अकीदत के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा

# देश में सुख, शांति और समृद्धि के लिए मांगी गई दुआएं

**संवाददाता। लोहरदगा**

इस्लामिक कैलेंडर के अंतिम माह में आयोजित होने वाले त्याग व बलिदान का त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) लोहरदगा में सोमवार को अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार को लेकर कुड़ू, किस्को, भंडरा, सेन्हा, कैरो समेत सभी ईदगाह सहित जिले भर के सभी ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा कीं. जिसमें सभी उम्र और वर्ग के लोग एक कतार में नजर आए. इधर ईद उल अजहा के पाक मौके पर लोगों ने अल्लाह की इबादत करते हुए अपने परिवार, सामाज, देश में सुख, शांति और समृद्धि के लिए दुआएं मांगी.

ईद-उल-अजहा के नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. इस बीच लोहरदगा ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन की ओर से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के साथ पुलिस अधिकारी, सुरक्षा बल के जवान तैनात थे. ईदगाह में कारी शमीम रिजवी की इमामत में नमाज सुबह 8:00 बजे अदा की गई. शहरी क्षेत्र के जामा मस्जिद, बेलाल मस्जिद, पावरगंज मस्जिद, बंगले वाली मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी मुस्लिम समाज के युवा, बुजुर्ग से लेकर सभी लोगों ने नमाज अदा कीं.


सदर रउफ अंसारी गले मिलकर त्यौहार की मुबारकबाद देते हुए.

#### भंडरा की मस्जिद व ईदगाहों में पढ़ी गई नमाज

**भंडरा/लोहरदगा।** मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद व ईदगाहों में नमाज अदा कर बकरे की कुर्बानी दी प्रशासनिक स्तर पर पर्व को देखते हुए पूरे प्रखंड में निगरानी रखी गई इस बीच पूरे प्रखंड में सुरक्षा की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही प्रखंड मुख्यालय सहित चिन्हित किए गए तमाम स्थानों पर दंडाधिकारियों के साथ सुरक्षा बल भी तैनात रहे सोमवार की सुबह बकरीद के मौके पर लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मस्जिद व ईदगाहों में पहुंचकर बकरीद की नमाज अदा की. इसके बाद लोगों ने अपने अपने घरों पर बकरे की कुर्बानी दी.

#### कुड़ू में बकरीद की नमाज अदा की गई

**कुड़ू।** भाईचारे के साथ बकरीद की नमाज अदा की गई और एक दूसरे से गले मिले और अपने जिला एवं भारत देश के लिए अमन चैन की दुआ दुआ किए जिसमें मुख्य रूप से शामिल अंजुमन इस्लामिया सुन्दरु मस्जिद के एमाम मोलाना अहमद रजा मिस्बाही एवं हाफीज अखसर रजा एवं गांव के सरपरस्त कलीम खान, साहब सदर असलीम खान, सकेट्री मोखतार राय, नाईफ सदर फजल खान, मिन्हाज खान ,अफरोज खान, जहूर राय, नेजाम राय, भोटे राय, कुरबान राय, राजा खान आदि शामिल थे.



बंगले वाली मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल रऊफ खान ने नमाज अदा कराने के बाद कहा कि यह ईद-उल-अजहा हम सभी को अल्लाह के प्रति समर्पित रहने का संदेश देता है. उन्होंने कहा कि जीवन में त्याग और बलिदान का काफी अधिक महत्व है. मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह से ही बकरीद के नमाज को लेकर घर से निकल गए. बकरीद को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में एक अलग तरह का उत्साह और उल्लास नजर आ रहा था. मुस्लिम समाज के सभी लोगों ने नमाज अदा करने के बाद गले मिलकर एक-दूसरे को बकरीद की बधाइयां दीं. ईद-उल-अजहा के पर्व में बच्चों में सबसे ज्यादा आकर्षण नजर आ रहा था.

#### किस्को में शांतिपूर्ण माहौल में पढ़ी गई नमाज

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा (बक़रीब) का त्योहार धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया. मौके पर पूर्व निर्धारित समयानुसार विभिन्न ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई. ईद उल अजहा की नमाज किस्को मस्जिद, नवाडीह जामा मस्जिद, ईदगाह, तालिमी मिशन, हिसरी, चरहु व होंदगा आदि स्थानों में पढ़ी गई. वही सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए किस्को थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी हर्षवर्द्धन कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारि.मौजूद थे. क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहो पर पुलिस बल तैनात किए गए थे. .

### हाइवा की चपेट में आने से युवक ने तोड़ा दम

**नावाबाजार(पलामू)।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय निवासी रामकिशुन प्रजापति के 25 वर्षीय पुत्र राजू प्रजापति की चैनपुर थाना के नावाडीह गांव के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. जानकारी के अनुसार राजू प्रजापति अपने दोस्त बरवाडीह लातेहार निवासी के शादी समारोह में शामिल होने अपने मोटरसाइकिल से चैनपुर थाना के किसी गांव में जा रहा था. नावाडीह गांव में मोटरसाइकिल ने हाईवा में पीछे से धक्का मार दिया. इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्ति जख्मी हो गए और दोनों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया. राजू प्रजापति ने बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने के दौरान चियांकी के पास दम तोड़ दिया. दोपहर बाद राजू प्रजापति के शव का स्थानीय खूंटी सोत नदी घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया.

### चंदवा में हाथियों का आंतक जारी, घर तोड़ा

**चंदवा (लातेहार)।** प्रखंड के माल्हन पंचायत में पिछले कुछ वर्षों से हाथियों का आतंक जारी है. रोज हाथी गांव में घुस रहे हैं और तबाही मचा रहे हैं. रविवार की मध्य रात्रि एक हाथी ने माल्हन पंचायत के केकराही गांव में प्रवेश कर बाबूलाल गंझू व भावन ठाकुर के घर को ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज का चट कर दिया. सूचना पर माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा घटना स्थल पहुंच कर ग्रामीणों से बातचीत की. उन्होने का कि ग्रामीणों के जान अब भगवान के भरोसे है. वन विभाग ग्रामीणों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखा रही है. अगर वन विभाग का यही रवैया रहा और हाथी को क्षेत्र से दूर करने का पहल नहीं किया गया तो हम सभी ग्रामीण उपायुक्त कार्यालय लातेहार का घेराव करेंगे.

# समर्पण त्याग व बलिदान का संदेश देता है कुर्बानी का पर्व

**संवाददाता। गुमला**

गुमला शहर और ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिदों व ईदगाह में सोमवार को ईद-उल-अजहा की नमाज अकीदत और एतराम के साथ अदा किया गया. अमन और शांति के लिए विशेष दुआ की गई. बकरीद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सिसई रोड स्थित ईदगाह और जामा मस्जिद में नमाज अदा के बाद इमाम जनाब ऐनाम रब्बानी साहब ने कहा कि हजरत इब्राहिम अलैहि वसल्लम ने अपने प्यारे इकलौता पुत्र पैगंबर हजरत इस्माइल अलैहि वसल्लम को अल्लाह की राह में पेश की कुर्बानी के याद में हम बकरीद का पर्व बनाते हैं. कुर्बानी का यह पर्व समर्पण ,त्याग और बलिदान का संदेश देता है. कुर्बानी का यह पर्व अपने आचरण में बदलाव लाने, एक दूसरे के प्रति घृणा द्वेष बदले की भावना भेदभाव को त्याग करना की सीख प्रदान करता है. गुमला के विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की गई. नमाज में अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी, सेक्रेटरी मकसूद आलम आदि शामिल थे. मस्जिद फैजान ए राजा हुसैन नगर, मस्जिद रजा ए मुस्तफा, मदरसा इस्लामिया फैज़ ए आम, मस्जिद ए होदा, मस्जिद राजा ए हबीब, मस्जिद गौसुलवारा, मस्जिद ए जैनब राजा कॉलोनी गौसिया मोती मस्जिद, कादरिया मस्जिद चांदनी चौक में नमाज अदा की गई. गुमला कब्रिस्तान में भी अपने पुरखों के कब्र में फतिया पढ़ी. कामडारा के नवनुरी मस्जिद में इमाम मौलाना रूउल्ला कादरी ने बकरीद की नमाज अदा कराया. बकरीद के नमाज के दौरान कुर्बानी की जानकारी विशेष रूप से देते हुए बताया कि कुर्बानी करने के बाद अवशेष को जमीन के नीचे दफना की अपील की. भरनो सिसई में भी मस्जिदों में नमाज अदा की गई. रायडीह में विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा किया गया.


ईद-उल-अजहा की मुबारक बाद देते लोग

# मॉनसून लेट, धान की खेती में हो रही है देरी, कृषक परेशान

**संवाददाता। लोहरदगा**

भीषण गर्मी, लगातार चढ़ता पारा और मानसून में देरी की वजह से लगातार धान की खेती प्रभावित हो रही है. कृषि वैज्ञानिक और कृषि पदाधिकारी बढ़ते तापमान और मानसून की देरी की वजह से जून अंतिम सप्ताह से 15 जुलाई तक बिचड़ा लगाने की सलाह दे रहे हैं. कृषि वैज्ञानिक डा हेमन्त पांडेय का कहना है कि सूरज की तपिश सेधान के बिचड़े पीले और सफेद पड़ने की आशंका है. इसलिए अभी बिचड़ा वही लगाएं जिनके पास पटवन का साधन है. उनका कहना है कि मानसून की स्तिथि को देखते हुए जून माह के अंतिम सप्ताह से लेकर जुलाई 15 तक बिचड़ा डालें.

उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि किसान अभी अपने-अपनेखेतों को तैयार करने मेंजु ट जाएं.धान की खेती करने वाले किसान अफजाल अंसारी, सुरेश लोहरा, गोंदा साहू और मुनेश्वर भगत का कहना है कि साल दर साल मानसून में देरी की वजह से धान की खेती में हम पिछड़ते जा रहे हैं. कभी मानसून की देरी तो कभी अल्प बारिश के कारण जिले में धान की फसल चौपट होती रही है. वही इस वर्ष तीखी धूप और बड़ी गर्मी भी किसानों को परेशान किये हुए है. किसान ना ही खेत तैयार कर पा रहे हैं और ना ही समय पर बिचड़ा तैयार होने की ही उम्मीद है.

#### जिले के 80,886 हेक्टेयर में लगती है खरीफ की फसल

जिले में 80, 886 हेक्टेयर में खरीफ फसल का लक्ष्य रखा गया है, जिसमे 47,000 हेक्टेयर में धान की फसल लगाई जाती है जो खरीफ फसल का 62 फिसदी होता है. गत वर्ष 47,000 हेक्टेयर के विरुद्ध 58 फिसदी क्षेत्र 23,500 हेक्टेयर में धान का आच्छादन हो पाया था. जिसमे किस्को प्रखण्ड सुखाड़ से सबसेअधिक प्रभावित प्रखण्ड रहा था.


## न्यूज अपडेट

### लोहरदगा में आदिवासी राजी पड़हा सम्मेलन संपन्न


कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि

**लोहरदगा।** राजी पड़हा के मुख्य अतिथि अनिल टाना भगत ने अपने समाज में फैले बुराई को समाप्त करने की बात की . आदिवासी समाज को एक सूत्र में बांधने की बात की और सभी आदिवासी भाई आपस में मिल-जुल कर अपने समाज के बुराइयों को दूर करने पर जोर दिया. अनिल टाना भगत ने कहा इस सम्मेलन में मेरे बडे भाई स्व कमल किशोर भगत की कमी खली है. समाजसेवी अनिल टाना भगत ने अपने समाज को आश्वस्त करते हुए कहा कि जैसे हमारे बड़े भाई स्वर्गीय कमल किशोर भगत आप लोगों की सेवा में हमेशा तट पर रहते थे वैसे ही मैं भी आप लोगों की सेवा में हमेशा रहेंगे.

### कूप में मैटेरियल सप्लाई नहीं होने से ग्रामीण परेशान



सामान नहीं होने से काम रुका.

**सिमडेगा (बानो)।** राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से विकास के कार्य हो रहे है. बानो प्रखंड क्षेत्र में कूप निर्माण में लापरवाही का मामला देखने को मिल रहा है,लाभुक कूप के खुदाई पूर्ण रूपेण कर तो लिए हैं . मगर पटावन के लिए इनको ना ही पत्थर मिला और ना ही ईंट मिला,ना बालू मिला और ना ही सीमेंट मिला. ऐसे में लाभुक इंतजार करते थक जा रहे हैं.मानसून भी घुस गई है.ऐसे अवस्था में कैसे कूप की होगी निर्माण कब बनेगी इनकी कूप आखिर विभाग इतनी चुप्पी क्यों साधी हुई है.

### मझिआंव में लू लगने से युवक की मौत

**मझिआंव। नगर पंचायत** क्षेत्र के वार्ड नंबर एक स्थित अखौरी तहले गांव में रविवार को स्व. श्याम बिहारी साव के 24 वर्षीय पुत्र विकेश कुमार गुप्ता की मौत हो गई. चिकित्सक के अनुसार युवक की मौत लू लगने से हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक मझिआंव बाजार क्षेत्र में ब्लॉक रोड स्थित फंकी ब्वॉयज क्लेक्सन नामक कपड़े की दुकान से घर खाना खाने गया हुआ था. घर पहुंचते ही युवक फ्रिज से (चिल्ड) ठंडा पानी निकाल कर पीने के बाद चौकी पर लेट गया. कुछ देर के बाद परिजन युवक को चौकी से नीचे गिरा पाया. आनन फानन में रेफरल अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सक वीर प्रताप सिंह ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया. इस संबंध चिकित्सक वीर प्रताप सिंह ने बताया कि युवक की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले हो चुकी थी. धूप से जाने बाद फौरन ठंडा पानी का सेवन करने से हार्ट ब्लॉकेज हो गया.

### मॉक ड्रिल कर आग से बचने की जानकारी दी



मॉक ड्रिल की जानकारी देते अधिकारी.

**सिमडेगा।** अग्निशमन विभाग सिमडेगा के द्वारा आज सुधा मसाला के फैक्ट्री में मॉक ड्रिल आयोजित कर कर्मियों को आग लगने के समय बरती जाने वाली सावधानी और अग्निशमन यंत्रों के उपयोग के संबंध में जानकारी दी. जिससे जान माल की छाती से बचा जा सके और सब समय अग्निशमन यंत्र का उपयोग कर आग लगने वाले जगह को सीमित कर बुझाया जा सके और अग्निशमन यंत्र को कैसे उपयोग किया जाए जिससे आज में काबू तुरंत पाया जा सके इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई.अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा ने फैक्ट्री संचालक और कर्मियों को सुरक्षा से संबंधित अन्य कई जानकारी देते हुए विभिन्न मापदंडों की भी जानकारी दी.

### भीषण गर्मी को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

**केतार।** भीषण गर्मी को लेकर भाजपा कार्यालय में भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गई. बैठक में मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति के द्वारा आग का गोला बरस रहा है यह स्थिति ज्यादातर पलामू प्रमंडल में देखा जा रहा है. गढ़वा के मंत्री भईया जी के पास पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय है, फिर भी प्रत्येक पंचायत में पानी की समस्या है. हमेशा नदी में खुदाई कराकर जानवर को पीने का पानी व्यवस्था किया जाता था. जहां चापाकाल सुख जाता था वहां पानी की व्यवस्था किया जाता था, परंतु इस वर्ष रिकार्ड तोड़ गर्मी में किसी तरह का सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया. सभी ने मांग करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर जांच की जाय की कहां कहां चापाकल खराब है, कहां पानी की समस्या है और उस जगह तत्काल पानी की व्यवस्था किया जाय. बैठक में बीडीसी राजकुमार पासवान, धीरेंद्र शुक्ला, बीरबल मेहता, उमेश सिंह, उमेश दुबे, बिनोद विश्वकर्मा, दिलीप कुमार, सीताराम जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे.

### जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने बाबूलाल से की मुलाकात


मरांडी को बुके देते हरिकृष्ण सिंह.

**बरवाडीह (लातेहार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पलामू दौरे से लौटने के क्रम में रविवार की शाम बेतला पहुंचे. यहां पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह समेत प्रदेश स्तर के कई नेता मौजूद थे. बाबूलाल मरांडी की बेतला पहुंचने पर मंडल कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह व अन्य भाइपाइयों ने स्वागत किया. मौके पर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर श्री मरांडी का स्वागत किया. उन्होने विभिन्न जनहित से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करने के साथ पार्टी में जुड़ कर जन समस्याओं के लिए काम करने इच्छा भी जाहिर की. इसे ले कर क्षेत्र में चर्चा का बाजार गरम है.

### मरांडी ने घाघरा के किसानों से खरीदे सात किलो आम


आम खरीदते पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी.

**घाघरा (गुमला)।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का सोमवारी को घाघरा चांदनी चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया. वे लोक सभा चुनाव में लोहरदगा सीट की हुई हार की समीक्षा करने गुमला जाने के दौरान घाघरा में रुके थे. घाघरा में मरांडी ने चांदनी चौक स्थित शहीद देवनारायण भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और गुमटी में कार्यकर्ताओं के साथ चाय पी.चांदनी चौक में ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आम की दुकान से बाबूलाल मरांडी ने अलग-अलग तीन किसानों से सात किलो आम खरीदे. उन्होंने किसानों से आम की खेती एवं होने वाले आमदनी की जानकारी ली.

**समस्या**

### 54 लाख राजस्व देने वाले लोहरदगा बस स्टैंड में मूलभूत सुविधा नहीं

# लोहरदगा बस स्टैंड में छांव और पानी के लिए तरसते हैं यात्री

**संवाददाता। लोहरदगा**

जिस बस स्टैंड से लोहरदगा नगर पर्षद को सालाना 54 लाख राजस्व की प्राप्ति होती है. वहां यात्रियों के सिर छुपाने के लिए जगह नहीं है. जिले का तापमान जब लगातार 40 डिग्री के ऊपर रह रहा है. बस स्टैंड पर गाड़ियों के इंतजार में यात्रियों को जहां-तहां कड़ी धूप में ठिकाना ढूंढते देखा जा सकता है. दुकानों के शेड या घरों की दीवार के ओट में बैठने की मजबूरी रहती है. बस स्टैंड की यात्री शेड में होटल चलता है. पीने के पानी की कोई व्यवस्था यहां नहीं है.

यहां से रोजाना सफर करने वाले


लोहरदगा बस स्टैंड में खड़ी बसें.

संजय कुमार, छात्रा विनय महतो और प्रियंका कुमारी का कहना है कि बस स्टैंड में एक चापाकल है जो कभी चलता है, कभी नहीं चलता है. महिलाओं- लड़कियों को शौचालय की सबसे बड़ी समस्या झेलनी पड़ती है. भीषण गर्मी में भी गाड़ियों में, ऑटो में बैठे रहना मजबूरी है. क्योंकि और कोई जगह नहीं. नगर परिषद को शेड, पानी और शौचालय की व्यवस्था अस्थायी तौर पर भी करनी चाहिए थी.

#### खास बातें

- बस स्टैंड की यात्री शेड में होटल चलता है
- कड़ी धूप में ठिकाना ढूंढ़ते देखा जा सकता है

सालाना 50 लाख से अधिक की आमदनी नगर परिषद को होती है. मगर बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा पर 50 हजार भी खर्च नहीं किए जा रहे हैं. बस एजेंट संजय सिन्हा, अरविंद जायसवाल, मो इब्राहिम, किशोर कुमार रकीब, आदि का कहना है कि अंतर जिला और अंतर राज्यीय करीब 70 बसें और 500 से अधिक ऑटो और छोटे वाहन इस बस स्टैंड पर रुकते हैं. सैकड़ो यात्री अपने गंतव्य तक जाने के लिए यहां आते हैं या यहां से उतरकर अपने गंतव्य तक जाते हैं. इन यात्रियों के साथ साथ तमाम वहां कर्मियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

बस स्टैंड पर पूरा दिन छोटे-मोटे ठेले खोमचे से लगाने वालों के लिए तो जैसे त्रासदी है. साल दर साल गुजरते जा रहे हैं, मगर यात्रियों की परेशानियां जस की तस बनी हुई हैं.

# दो पक्षों में विवाद, अंजुमन ने सुलझाया

**संवाददाताो भंडरा/लोहरदगा**

जिला के भंडरा प्रखंड छेत्र के बड़ागाइ कई दो परिवारों के बीच जारी विवाद को अंजुमन इस्लामिया के प्रखंड सदर आफताब आलम की पहल से सुलझाने में मदद मिली. सोमवार को अंजुमन इस्लामिया की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच सुलह कराया गया.

भंडरा थाना क्षेत्र के बड़ागाइ निवासी उस्मान अंसारी की पुत्र फैजल दानिश और कैसर दानिश की विवाद आम तोड़ने को लेकर बड़ागाइ निवासी एकरामुल अंसारी के पुत्र अनीश अंसारी के साथ हुई थी. इसकी जानकारी प्रखंड कमेटी भंडरा के सदर को बड़ागाई अंजुमन के सदर शाहजहां अंसारी ने दी. वहीं पहल करते हुए प्रखंड सदर दोनों पक्षों से पूरे मामले की विस्तार से जानकारी लिया. दोनो पक्षों को आपसी मेल-मिलाप के साथ रहने की सख्त हिदायत दी.कहा कि प्रेम और सौहार्द से ही सुख-शांति कायम रखी जा सकती है. आगे से किसी तरह की शिकायत मिलने पर अंजुमन इस्लामिया कड़ी कार्रवाई करेगी. मौके पर बड़गाई अंजुमन के सदर शाहजहां अंसारी, शकील अहमद, सलमान अंसारी, खुर्शीद अंसारी, उस्मान अंसारी, एकरामुल अंसारी, मुस्तफा अंसारी, ऐनुल अंसारी आदि उपस्थित थे.


विवाद सुलझाने के लिए हुई बैठक में उपस्थित लोग.

